__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date- 03.07.2024 Class- VI
Subject- Hindi Language Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद भाग-6
निबंध

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
यह पाठ 'निबंध लेखन' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण की पाठ्यपुस्तक आमोद भाग-6 की पृष्ठ संख्या-137 में दिया गया है। यह पाठ आपको 4 जुलाई, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'निबन्ध' के बारे में पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो अब मैं आपको 'निबंध' लेखन के विषय में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं तो मैं आपको निबंध के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।
प्यारे बच्चो ! 'निबन्ध' का अर्थ है - बँधा हुआ अर्थात् एक सूत्र में बँधी हुई रचना। निबन्ध किसी भी विषय पर लिखा जा सकता है। साधारण रूप से निबन्ध के विषय परिचित विषय होते हैं यानी जिनके बारे में हम सुनते, देखते व पढ़ते रहते हैं; जैसे - धार्मिक त्योहार, राष्ट्रीय त्योहार, विभिन्न प्रकार की समस्याएँ, मौसम आदि।
बच्चो ! अच्छा निबन्ध लिखने के लिए निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए -

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date- 03.07.2024 Class- VI
Subject- Hindi Language Page-2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

- निबन्ध के विषय पर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।
- निबन्ध की रूपरेखा बनाएँ तथा विचारों को व्यवस्थित रूप देना चाहिए।
- निबन्ध की भाषा सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली होनी चाहिए।
- आरंभ, मध्य अथवा अंत में किसी उक्ति अथवा विषय से संबंधित कविता की पंक्तियों का उल्लेख करना चाहिए।
- निबन्ध की शब्द-सीमा का ध्यान रखना चाहिए।
- विषय से संबंधित सभी पहलुओं पर अपने विचार प्रकट करने चाहिए।
- सभी अनुच्छेद एक दूसरे से जुड़े होने चाहिए।
- उपसंहार प्रभावशाली होना चाहिए।
- वर्तनी व भाषा की शुद्धता, लेख की स्वच्छता एवं विराम-चिह्नों के प्रयोग पर ध्यान देना चाहिए।

प्यारे बच्चो! अब हम निबन्ध के अंगों पर चर्चा करेंगे।
मुख्य रूप से निबन्ध के तीन अंग होते हैं -

1. **भूमिका :-** यह निबन्ध के आरंभ में एक अनुच्छेद में लिखी जाती है। इसमें विषय का परिचय दिया जाता है। यह प्रभावशाली होनी आवश्यक है, जो कि पाठक को निबन्ध पढ़ने के लिए प्रेरित करे।
2. **विषय विस्तार :-** इसमें तीन से चार अनुच्छेदों में

Scanned with CamScanner

Date - 03.07.2024 Class- VI
Subject- Hindi Language Page - 3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

विषय के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रकट किए जाते हैं। प्रत्येक अनुच्छेद में एक-एक पहलू पर विचार लिखा जाता है।

3. उपसंहार :- यह निबन्ध के अंत में लिखा जाता है। इस अंग में निबन्ध में लिखी गई बातों को सार के रूप में एक अनुच्छेद में लिखा जाता है। इसमें संदेश भी लिखा जाता है।

बच्चो! मैंने आपको 'निबन्ध' लेखन के विषय में समझा दिया है कि किस प्रकार एक अच्छा निबन्ध लिखा जाता है। आशा है आप सभी ने इसे ध्यानपूर्वक सुना एवं समझा होगा। अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न-1. निबन्ध का क्या अर्थ है?
प्रश्न-2. निबन्ध लिखने के कौन-कौन से विषय हो सकते हैं?
प्रश्न-3. निबन्ध में कितने अंग होते हैं?
प्रश्न-4. निबन्ध में उपसंहार कब लिखा जाता है?

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर-1. 'निबन्ध' का अर्थ है - बँधा हुआ अर्थात् एक सूत्र में बँधी हुई रचना।
उत्तर-2. निबन्ध के विषय जैसे - धार्मिक त्योहार, राष्ट्रीय त्योहार, विभिन्न प्रकार की समस्याएँ,

Scanned with CamScanner

Date- 03.07.2024 Class- VI
Subject- Hindi Language Page- 4.
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

मौसम आदि ।
उत्तर-3. निबन्ध के तीन अंग होते हैं ।
उत्तर-4. निबन्ध में उपसंहार अंत में लिखा जाता है ।

बच्चो ! अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे ।

गृह कार्य :-

- बच्चो आप मेरी मनपसंद ऋतु पर 200 से 250 शब्दों में एक अच्छा निबन्ध अपनी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे ।

धन्यवाद !

Last page

Scanned with CamScanner